भामाशाह स्वास्थ्य
बीमा योजना

# Bhamashah Swasthaya Bima Yojana

# Bhamasha Swasthaya Bima Yojana

**Launched** on **13th December, 2015** for around 1 crore eligible families of Rajasthan in compliance of Budget Declaration of Hon’ble Chief Minister, Rajasthan.

**Hon’ble Chief Minister, Rajasthan has announced**

“...........यह आवश्यक है कि insurance के माध्यम से राज्य की गरीब और वंचित जनता को निजी अस्पतालों में भी उपचार की सुविधा उपलब्ध करवाई जाये। अतः **मैं राज्य में खाद्य सुरक्षा अधिनियम के अंतर्गत पात्र सभी परिवारों के लिए स्वास्थ्य बीमा योजना लागू करने की घोषणा करती हूँ।** इस योजना का **लाभ भामाशाह कार्ड मिलने के साथ साथ** मिलने लगेगा। इस योजना के अंतर्गत राज्य के लगभग 67 प्रतिशत परिवार लाभान्वित हो सकेंगे और ये **राजकीय और accredited निजी अस्पतालों में Indoor patient के रूप में भी अपना उपचार करा सकेंगे। सामान्य बीमारियों के लिए प्रति परिवार 30 हजार रुपये तथा चिन्हित गंभीर बीमारियों के लिए 3 लाख रुपये तक का insurance coverage होगा।** ऐसे परिवारों को OPD रोगी के रूप में निःशुल्क दवायें और जाँच की सुविधा भी मिलती रहेगी।”


# Organogram-State Level

- CEO-SHAA, IAS
  - Additional CEO-SHAA, IAS
  - Joint CEO-SHAA, IAS
    - State Nodal Officers (2)
    - State BSBY Team
      - -Medical Officers
      - -Managerial Cadre and Support staff

# Organogram-District Level

- District Collector & Chairman –DGRC
  - District Nodal Officer (BSBY), RAS Rank Officers
  - Joint Director, M&H
    - Deputy Director, M&H<br>Assistant CEO-SHAA
    - Chief Medical & Health Officer<br>Dy CM&HO (Nodal Officer)
    - District Programme Manager (Rural & Urban)

# Stakeholders in the Scheme



# Responsibility of Stakeholders


- **Medical & Health:**
  - Overall planning & execution of scheme
  - Payment of premium to Insurer
  - Monitoring & Grievance Redressal of pvt & govt hospitals
- NIAC:
  - Providing Insurance Cover to entitled families
  - Empanelment of private hospitals
  - Training & orientation of SM & Nodal Officers
  - Claim processing and payment
- **DoIT:**
  - Preparing software for the scheme
  - Establishment of Call Center
  - Support in IT related issues
  - Issuing Bhamashah Card to all.

# Institutions under Scheme

- **Govt Hospitals (n=496):** Medical College & associated hospitals, DH, SDH, Satellite hospitals and CHCs
- **Private Hospitals (n=660)** empanelled under the scheme, (total=1146)
- Empanelment of Pvt hospitals is done by Insurance Company.


**Information of empanelled govt and private hospitals is available at webpage of scheme http://health.rajasthan.gov.in/bsby**

# No. of Private Hospitals Empanelled So Far



# Introduction & Benefits

- **Beneficiary:** All Families under
  - **National Food Security Act (NFSA) and**
  - **Rashtriya Swasthya Bima Yojana (RSBY)**.
- **Health Insurance Coverage (per family per Year):**
  - Rs. 30,000 (for general illnesses) and
  - Rs. 3.00 lacs (for critical illnesses)
- **Disease Coverage: Total** 1715 disease packages offered (1148 Secondary, 500 Tertiary and 67 govt packages)
- Covers pre existing diseases also



| Secondary Packages (1148) | |
|---|---|
| **Specialty** | **No. of Pkg** |
| Dentistry | 36 |
| ENT | 155 |
| General Medicine | 36 |
| General Surgery | 402 |
| Neurosurgery | 59 |
| Obstertics & Gynaecology | 93 |
| Oncology | 10 |
| Ophthalmology | 64 |
| Orthopedics | 202 |
| Paediatrics | 31 |
| Urology | 124 |

| Tertiary Package (500) | |
|---|---|
| **Specialty** | **No. of Pkg** |
| Cardiology & CTVS | 122 |
| Chest Surgery | 20 |
| ENT | 2 |
| General Medicine | 16 |
| General Surgery | 21 |
| Neurosurgery | 64 |
| Oncology | 178 |
| Orthopedics | 10 |
| Paediatrics | 8 |
| Plastic Surgery | 13 |
| Urology | 46 |

| Government PKg (67) | |
|---|---|
| **Specialty** | **No. of Pkg** |
| ENT | 14 |
| General Surgery | 18 |
| Obstertics & Gynaecology | 25 |
| Ophthalmology | 10 |

# Identification of Beneficiary

- **Bhamashah Card:** 7 alphabets mentioned on the **card** of head of the family is used for identification of family, eg. **ASDFGSP.**
- **Rashtriya Swasthaya Bima Yojna**: 17 digits of RSBY card can be used for identification of family **eg.**1234–0123–0234–05412–1 **.**

**Ration Card-** 12 digit of ration card **was being used for identification but** from **13th July, 2016 only Bhamashah Card** and RSBY card is used for identification of family.

## नमूना (भामाशाह कार्ड)




## नमूना (RSBY कार्ड)




# Identification of Patient

Identification of Patient is done by ***Biometric Identification*** but can also be done through a photo Identity Card issued by any Govt or semi govt organization-

- Voter ID
- Aadhar Card
- Driving License
- PAN Card
- Other Photo Identity Card

# Process Flow under BSBY



# Redressal of Grievances

- State (SGRC) and District Grievance Redressal Committees (DGRC) are formulated.
  - SGRC: under the Chairmanship of CEO, RSHAA
  - DGRC: under the Chairmanship of District Collector
- Formulation of **State Appellate Authority** under the chairmanship of Principal Secretary, M&H
- **Rajasthan Sampark Portal:** Public grievance portal for inhabitants of state, can also register their complain at this portal.
- Integrated Toll Free Centre: 1800-180-6127 for redressal of any query and registering complaint.

# Special In BSBY

- **Online empanelment** facility of private hospitals
- **Connecting ASHAs** with beneficiaries
- **IEC of Pvt empanelled hospitals** through distribution of pamphlets of BSBY by Ration Dealers.
- **Proper display of IEC material** at prominent places
- Regular updation of information on **facebook page, twitter account, Google Plus, Instagram and BSBY Blog**.
- **Frequently Asked Questions (FAQs):** on website for resolving general query of public.
- **Display of LED board** of BSBY is under process at private hospitals
- **Toll Free Centre**: to provide information to general public regarding the scheme now running from Swasthya Bhawan (1800-180-6127)

# WHAT MAKES US DIFFERENT….

| | Rajasthan | RSBY | Maharashtra | Tamil Nadu |
|---|---|---|---|---|
| **Sum insured** | Secondary – 30,000<br>Tertiary – 3,00,000 | 30,000 | 2,50,000 | 1,50,000 |
| **Coverage** | Comprehensive Secondary and Tertiary | Secondary | Tertiary | Tertiary |
| **Target population** | NFSA and RSBY **(Covering 67% of Population)** | BPL families | BPL & APL families | BPL families |
| **Packages** | 1715 | 1300 | 972 | 1016 |
| **Verification of beneficiary** | Bhamashah Card | Biometric | Yellow / Orange card | Biometric |
| **Multipurpose call center** | Yes | No | No | No |

# Unique Features

- Most **comprehensive** health cover
- Provision for Fund Enhancement- **Rs. 10.00 cr as corpus**
- **2% of the premium is dedicated for IEC.**
- Minimum Document Protocol **(MDP)**
- **No Third Party Administrator**
- **Unique profit refund clause** to ensure optimum premium utilization and discourage insurer from rejecting genuine claims
- **Unique Penalty clause**
- Reimbursement to the hospital within 21 days of submission of claim

# Progress upto 10-02-2017 Cumulative since launch

| S.N. | Sub Parameters | No. of Cases | | | Amount in Cr. | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | (Pvt) | (Govt.) | Total | (Pvt) | (Govt.) | Total |
| 1 | Claims Enlisted | 257485 | 561583 | 819068 | 221.72 | 192.95 | 414.67 |
| 2 | Claims Submitted | 247816 | 536745 | 784561 | 211.32 | 177.51 | 388.83 |
| 3 | Claims Approved | 221087 | 428400 | 649487 | 183.28 | 132.16 | 315.45 |
| 4 | Claims Paid | 205791 | 394242 | 600033 | 171.88 | 123.75 | 295.63 |

* Data As on 10-02-2017

# IEC Activities Done by SHAA So Far

# Pt. Deen Dayal Upadhaya Jan Kalyan Panchayat Shivir

**Extensive IEC of the BSBY in *Pt. Deen Dayal Upadhaya Jan Kalyan Panchayat Shivir* started from 14th October, 2016.**










# Bhamashah Samsya Samadhan Shivir

- Extensive IEC of the BSBY in Bhamashah Samsya Samadhan Shivir held during **25th July, 2016 to 5th August, 2016** at each panchayat HQ. Second round during **20th Sep to 30th Sep, 2016.**





# Flexi Banner






Flexi Banner

**BSBY LED BOARD ON TOP OF PVT HOSPITALS**









# LED Boards on Roads






# Pamphlet Printed for IEC of the Scheme & Pvt. Empanelled Hospitals



भामाशाह स्वास्थ्य बीमा योजना

जब भी अस्पताल जाएं

भामाशाह कार्ड/राशन कार्ड /आरएसबीवाई कार्ड व मरीज का फोटो पहचान पत्र अवश्य साथ ले जाएं

## लाभार्थी

- योजना के अन्तर्गत राजस्थान राज्य के राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम (NFSA) व राष्ट्रीय स्वास्थ्य बीमा योजना (RSBY) में आने वाले परिवारों को इसका लाभ दिया जा रहा है।

## लाभ

- यह सुविधा पूरी तरह कैशलेस है, इसके तहत प्रत्येक परिवार को प्रतिवर्ष चिन्हित सामान्य बीमारियों हेतु रु. 30 हजार तथा चिन्हित गंभीर बीमारियों हेतु रु. 3.00 लाख तक का स्वास्थ्य बीमा कवर दिया जा रहा है।
- बीमा से पूर्व की भी समस्त बीमारियाँ कवर है।
- चिकित्सा प्रक्रिया से पूर्व 7 दिन तथा छुट्टी पश्चात् के 15 दिन की चिकित्सा स्वास्थ्य बीमा में कवर हो रही है।
- हृदय रोग तथा अत्यधिक आघात की स्थिति में 100 से 500 रुपये तक प्रति परिवार प्रति वर्ष यात्रा भत्ता भी बीमा राशि में शामिल है।

## लाभार्थी की पहचान

- योजनान्तर्गत आने वाले लाभार्थी के पास भामाशाह कार्ड होना वांछनीय है। भामाशाह कार्ड ना होने की स्थिति में बीमा लाभ एनएफएसए अथवा आरएसबीवाई से सम्बन्धित पहचान दस्तावेज प्रस्तुत करने पर भी दिया जा रहा है।
- यदि राशन कार्ड में अक्टूबर 2015 या उसके बाद खाद्यान लिया गया है अथवा लाभार्थी अपने राशन डीलर से NFSA का लाभार्थी होने का प्रमाण प्रस्तुत करता है तो उसे NFSA का लाभार्थी माना जा सकता है।

## लाभ कहाँ मिलेगा

- इस योजना के अन्तर्गत लाभार्थी को स्वास्थ्य सुविधायें सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र तथा उच्चस्तरीय राजकीय चिकित्सा संस्थानों तथा सूचीबद्ध निजी चिकित्सालयों के माध्यम से प्रदान की जा रही है।

भामाशाह स्वास्थ्य बीमा योजना

इलाज का खर्च नहीं,
अब कल की फिक्र नहीं ...

## भामाशाह स्वास्थ्य बीमा योजना

*स्वस्थ राजस्थान की ओर बढ़ते कदम...*

**सम्पर्क सूत्र**

सीईओ-स्टेट हैल्थ एश्योरेन्स एजेन्सी

सलाहकार-आईएससी, एनएचएम, मो. : 9414063905

सलाहकार-एनयूएचएम, मो. : 9414057269

टोल फ्री नं. : 1800 180 6127

वेबसाइट : www.health.rajasthan.gov.in/bsby

ईमेल : bsbyraj@gmail.com

चिकित्सा, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण सेवाएं, राज.

दि न्यू इन्डिया एश्योरेन्स कम्पनी लिमिटेड



भामाशाह स्वास्थ्य बीमा योजना

## चूरू जिले के सूचीबद्ध सरकारी अस्पताल

| क्र.सं. | चिकित्सा संस्थान | नोडल अधिकारी | सम्पर्क सूत्र |
|---|---|---|---|
| 1. | रा.डेडराज भरतिया जिला अस्पताल, चूरू | डॉ. अविकल्प प्रकाश | 01562-250333 |
| | स्वास्थ्य मार्गदर्शक | 9636706168, 9461672011, 9024449702 | |
| 2. | उप जिला अस्पताल, रतनगढ़ | डॉ. संजय स्वामी | 01567-222330 |
| | स्वास्थ्य मार्गदर्शक | 9414586392, 9414466770 | |
| 3. | उप जिला अस्पताल, सुजानगढ़ | डॉ. नरेन्द्रसिंह | 01568-220009 |
| | स्वास्थ्य मार्गदर्शक | 9929182866 | |
| 4. | सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, रतननगर | डॉ. सुनीलकुमार | 01562-282281 |
| | स्वास्थ्य मार्गदर्शक | 7740901458 | |
| 5. | सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, राजगढ़ | डॉ. सज्जनकुमार | 01559-224804 |
| | स्वास्थ्य मार्गदर्शक | 7742468018 | |
| 6. | सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, तारानगर | डॉ. शिवशंकर जांगिड़ | 01561-241840 |
| | स्वास्थ्य मार्गदर्शक | 9660225228 | |
| 7. | सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, सरदारशहर | डॉ. कमलेश भारती | 01564-222562 |
| | स्वास्थ्य मार्गदर्शक | 9828978284 | |
| 8. | सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, बीदासर | डॉ. रामरतन सिंह | 01560-263440 |
| | स्वास्थ्य मार्गदर्शक | 8696299446 | |
| 9. | सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, साण्डवा | डॉ. अजय ढाका | 01560-272227 |
| | स्वास्थ्य मार्गदर्शक | 8561824065 | |
| 10. | सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, कानूता | डॉ. प्रवीणकुमार | 01569-254404 |
| | स्वास्थ्य मार्गदर्शक | 7229871335 | |
| 11. | सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, सालासर | डॉ. गजेन्द्र मीणा | 01568-253000 |
| | स्वास्थ्य मार्गदर्शक | 7665347704 | |
| 12. | सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, पड़िहारा | डॉ. राहुल कुल्हरी | 01567-240716 |
| | स्वास्थ्य मार्गदर्शक | 9649888147 | |
| 13. | सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, राजलदेसर | डॉ. विवेककुमार | 9887543488 |
| | स्वास्थ्य मार्गदर्शक | 9001906724 | |

भामाशाह स्वास्थ्य बीमा योजना

## चूरू जिले के सूचीबद्ध निजी अस्पताल

| क्र.सं. | चिकित्सा संस्थान | | नोडल अधिकारी | सम्पर्क सूत्र |
|---|---|---|---|---|
| 1. | रविन्द्र हॉस्पीटल, चूरू | | डॉ. वीरेन्द्र सिंह | 9414083108 |
| | स्वास्थ्य मार्गदर्शक | श्रेगाराम डोटासरा | 9636706168 | |
| 2. | शिवम् हॉस्पीटल, चूरू | | डॉ. महेश शर्मा | 9414373444 |
| | स्वास्थ्य मार्गदर्शक | कमल शर्मा | 9462194067 | |
| 3. | चौधरी अस्पताल, चूरू | | डॉ. बी.के. चौधरी | 01562-256501 |
| | स्वास्थ्य मार्गदर्शक | नरेन्द्र थालोड़ | 9414639064 | |
| 4. | एच.एन. नर्सिंग होम, चूरू | | डॉ. मुमताज अली | 9414084525 |
| 5. | शीला अस्पताल, चूरू | | डॉ. राकेश भार्गव | 01562-252044 |
| 6. | भारत अस्पताल, सुजानगढ़ | | आरिफ खान | 01568-223740 |
| | | | | 9929743289 |

## चूरू जिले के सम्पर्क सूत्र-

जिला नोडल अधिकारी :-
अवधेश सिंह, सीईओ जिला परिषद चूरू 01562-250594

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी :-
डॉ. अजय चौधरी 01567-222038

जिला प्रजनन एवं शिशु स्वास्थ्य अधिकारी :-
डॉ. सुनील जांदू 01562-251726,7073458102

जिला कार्यक्रम प्रबंधक :-
चरण सिंह 01567-222092

जिला सहायक न्यू इंडिया एश्योरेंस कम्पनी, चूरू
मनरुप मण्डार 9414437052, 01562-256104

उपनिदेशक (एसीपी), आईटी, कलेक्ट्रेट चूरू
नवीन कुमार 01562-252783

# Major Achievements being Published






भामाशाह स्वास्थ्य बीमा योजना

इलाज का खर्च नहीं, अब कल की फिक्र नहीं ...

वसुन्धरा राजे, मुख्यमंत्री, राजस्थान

राजेन्द्र राठौड़, चिकित्सा, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री, राजस्थान

## लूणकरणसर की सोना देवी की हृदय गति पर अब बीएसबीवाई का पेहरा भामाशाह स्वास्थ्य बीमा योजना के तहत लगा निःशुल्क पेसमेकर जो थे सिर्फ दुआ भरोसे, अब हैं सुरक्षित और बीमित

लूणकरणसर की सोना देवी की हृदय गति पर अब बीएसबीवाई के तहत लगे निःशुल्क पेसमेकर का पेहरा है। डेलवा बस्ती निवासी 64 वर्षीय सोना देवी पत्नी श्योकरण राम झोरड के बेपरवाह व बेतकलीफ दिल की धड़कन अब सामान्य और सुचारू है। घर पर पोते-पोतियों के साथ हंसी खुशी वक्त गुजार रही सोना देवी कभी सोच नहीं सकती थी कि उन्हें हृदय रोग हो सकता है।

जैसा की उनके दत्तक पुत्र ओम प्रकाश ने बताया कि 14 जुलाई की दोपहर अचानक ही सीने में असहनीय दर्द के साथ वे बेहोश होकर गिर पड़ी। स्थानीय सीएचसी में दिखाने पर चिकित्सक द्वारा जरूरी इंजेक्शन व दवाई देकर बीकानेर रेफर कर दिया गया। पीबीएम हॉस्पिटल बीकानेर के हल्दीराम मूलचंद कार्डियोवैस्कुलर केंद्र में डॉ. राकेश महला द्वारा जांच कर पेसमेकर खराब होने की पुष्टि की गई। उन्होंने बताया कि सोना देवी के दिल की धड़कन को नियंत्रित करने के लिए उन्हें एक जटिल ऑपरेशन द्वारा कृत्रिम पेसमेकर लगाने की आवश्यकता है।

सोना देवी के वृद्ध पति अब काम नहीं करते और खुद की कोई संतान नहीं है उनका दत्तक पुत्र ओमप्रकाश खेतों में मजदूरी करता है जिससे घर चलाना भी मुश्किल है तो ऑपरेशन के नाम से ही सभी के होश उड़ गए। पर उन्हें क्या पता था कि राज्य सरकार ने उनके परिवार का स्वास्थ्य बीमा करवा रखा है। डॉ. महला ने उन्हें भामाशाह स्वास्थ्य बीमा योजना की जानकारी देकर हॉस्पिटल के भामाशाह मार्गदर्शक सांवरमल गोस्वामी के पास भेजा जिन्होंने उनके भामाशाह कार्ड व अन्य दस्तावेजों की जांच कर बताया कि सोना देवी का ये ऑपरेशन बिलकुल मुफ्त हो जाएगा। बकौल ओमप्रकाश उन्हें एक बार तो विश्वास ही नहीं हुआ पर जब उनकी माँ का निःशुल्क ऑपरेशन हो गया और घर ले जाने वाली दवाइयों के पैसे भी नहीं लगे तब जाकर वे आश्वस्त हुए कि ऐसा भी होता है। 22 जुलाई को डॉ. महला और टीम ने 1 घंटे से ज्यादा चले ऑपरेशन में सोना देवी के स्थायी पेसमेकर लगा दिया करीब 63 हजार रूपए के पैकेज वाली प्रक्रिया के लिए एक पैसा भी नहीं देना पड़ा।

आज वे और उनका परिवार बड़े स्पष्ट शब्दों में कहते हैं कि ऐसी बीमारी के बाद उन जैसे परिवार सिर्फ दुआ भरोसे ही रह जाते हैं इलाज की उनकी हैसियत नहीं है पर अब वे बीमा कवर में सुरक्षित हैं। वे चिकित्सकों व अस्पताल के प्रत्येक कर्मचारी को दुआ देते हैं जिन्होंने उन्हें इस मुश्किल घड़ी से निकाला और जिस से भी मिलते हैं राज्य सरकार की भामाशाह स्वास्थ्य बीमा योजना के बारे में बताते हैं।

राजस्थान

NATIONAL HEALTH MISSION

# Facebook page- regular updation




76% 11:13
मिट रहा मर्ज अब बिना किसी कर्ज
भामाशाह स्वास्थ्य बीमा योजना
100 करोड़ की राशि
के क्लेम हुए बुक
भामाशाह स्वास्थ्य बीमा योजना
Edit profile
Bsby Rajastha
@BsbyRaj
90 FOLLOWING
twitter
Tweets
Media
Likes
Bsby Rajasthan @BsbyRaj 20h
राजस्थान के मातृ और शिशु स्वास्थ्य में भी बीएसबीवाई निभा रहा महत्ती भूमिका, जानिये पूरी कवर स्टोरी
bsbyraj.blogspot.in/2016/06/blog-p...
Bsby Rajasthan @BsbyRaj 4d
वो सभी बाते जो आप भामाशाह स्वास्थ्य बीमा योजना के बारे में जानना चाहते है, समझ
है।

# Regular Updates on twitter, Google+ and blog












# Video Conferences with ASHA




- **ASHA Samwad** with more than 46,000 ASHAs through **Video Conference** under the **chairmanship of Hon’ble Health Minister, GoR**
- Three rounds accomplished so far for orientation regarding BSBY


# BSBY ASHA KIT









# Information Note: Pilot testing for ease of beneficiary

- A coloured information note was printed and distributed through ASHA Sahyogini in 10 districts on pilot basis.
- This note has provision for writing bank account number, ration card number, RSBY card number and Bhamashah Card number.
- This note is useful in identification of family in the software, if the actual card is not carried by beneficiary.

**Pilot Districts-**

**1. Dholpur 2. Pali 3. Jhalawar 4. Baran 5. Chittorgarh 6. Sikar 7. Jhunjhunu 8. S.Madhopur 9. Bhilwara 10. Churu**

# Sample of Information Note

चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग, राजस्थान
MEDICAL AND HEALTH DEPARTMENT, RAJASTHAN

भामाशाह स्वास्थ्य बीमा योजना

तीस हजार रू.
एवं
तीन लाख रू.

पात्र परिवार को योजना के अन्तर्गत निर्धारित सीमा में प्रतिवर्ष मुफ्त इलाज हेतु मान्य।

भामाशाह स्वास्थ्य बीमा योजना

भामाशाह स्वास्थ्य बीमा योजना द्वारा आपके पूरे परिवार का प्रतिवर्ष चिन्हित सामान्य बीमारियों के लिए रू. 30 हजार एवं चिन्हित गम्भीर बीमारियों के लिए रू. 3 लाख तक का मुफ्त इलाज नजदीकी सरकारी एवं सूचीबद्ध निजी चिकित्सालयों में करवा सकते है।

भामाशाह स्वास्थ्य बीमा योजना

वेबसाइट : health.rajasthan.gov.in

दिनांक 13 दिसम्बर 2015 से लागू

**Front**

केवल राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम या राष्ट्रीय स्वास्थ्य बीमा योजना में पंजीकृत परिवार हेतु।
अपने कार्डों का विवरण यहां भरें एवं अस्पताल में ईलाज हेतु इस कार्ड को साथ लेकर जावें।
यह अनिवार्य दस्तावेज नहीं है पर आपको सूचना के लिए दिया गया है।

भामाशाह स्वास्थ्य
बीमा योजना

भामाशाह मुखिया का नाम :

बैंक खाता सख्या :

भामाशाह कार्ड नं. :

राशन कार्ड बार कोड नं. :

आधार कार्ड नं. :

आर.एस.बी.वाई . नं. :

इस योजना से जुड़े निजी या राजकीय अस्पतालों के बारे में जानकारी लेने के लिए टोल फ्री नं. 1800-180-6127 पर फोन करें।

भामाशाह स्वास्थ्य
बीमा योजना

**Back**

# IEC of BSBY Through Auto Riksha






# Success Stories of BSBY across Districts



# Success Stories of IEC

# भामाशाह बीमा योजना में लगभग 10 हजार निर्धन मरीजों का फ्री उपचार

**झुंझुनूं।** आमजन को गुणवत्तापूर्ण कैशलेस चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने के लिहाज से शुरू की गई भामशाह स्वास्थ्य बीमा योजना के बेहतर परिणाम सामने आने लगे है। इस योजना के तहत पिछले साढ़े आठ माह में ही जिले में अब तक दस हजार निर्धन मरीजों को सरकारी और निजी अस्पतालों में फ्री उपचार हुआ है, मरीजों के लिए सबसे अच्छी बात यह है कि वो अपने योजना में अधिकृत मनपसंद निजी अस्पतालों में इलाज का लाभ ले रहे है।



स्पेशल रिपोर्ट
महेश कड़वासरा
आईईसी कॉर्डिनेटर

## जब मशीन से कट गया हाथ तो बीएसबीवाई ने दिया साथ

झुंझुनूं जिले के लोयल निवासी 56 वर्षीय कैलाश गन्ने की रेहड़ी लगाकर अपने परिवार का पेट पालते है। दो लड़के है जो क्रमश: 10वीं एवं 12वीं में पढते है। पत्नी विद्यादेवी गृहिणी है। कैलाश गन्ने की ऑफ सीजन में नरेगा में मजदूरी करते है। पांच सितंबर को कैलाश पड़ौसी गांव मानोता में लगे मेले में रेहड़ी लगाने पहुंचाकर काम शुरू ही किया कि गन्ने से ज्यूस निकालने वाली मशीन में हाथ आने से हाथ कट गया। कैलाश को बेहोशी की हालत में झुंझुनूं के एक योजना अधिकृत दूकिया अस्पताल में भर्ती करवाया गया। अस्पताल वालों ने परिजनों से पूछा कि क्या कैलाश राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम या फिर राष्ट्रीय स्वास्थ्य बीमा योजना का लाभार्थी है। तो परिजनों ने बताया कि कैलाश नरेगा में कार्य करते है इसके बाद राष्ट्रीय स्वास्थ्य बीमा योजना पहचान पत्र देकर कैलाश का इलाज शुरू किया गया। चिकित्सकों ने ऑपरेशन कर हाथ का ऑपरेशन किया। इस प्रकार योजना के तहत कैलाश का निशुल्क इलाज हुआ। कैलाश पर अचानक आए संकट में बीएसबीवाई ने पूरा साथ दिया।




## बीएसबीवाई ने हरी बिस्मिला पथरी पीड़ा

झुंझुनूं जिला मुख्यालय के चेजारों के मोहल्ले में रहने वाली 65 साल की बिस्मिला पहले बेवा हो गई थी। 40 वर्षीय बेटा याकूब मजदूरी कर अपना पेट पाल रहा था कि मां को पेट दर्द सताने लगा। दिनोंदिन पीड़ा बढ़ती ही जा रही थी। डॉक्टरों को दिखाया तो पता चला कि बिस्मिला के पेट में पत्थरी की दिक्कत है। जिसका ऑपरेशन कराना होगा। बेटे याकूब ने दूकिया अस्पताल झुंझुनूं में पहुंचकर यहा स्टाफ से योजना के तहत जानकारी ली। पता चला कि राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना के तहत आने वाले परिवारों को सरकार भामाशाह स्वास्थ्य बीमा योजना में प्राइवेट हॉस्पिटलों में सभी बीमारियों का इलाज फ्री में करवाया जा रहा है। दूकिया अस्पताल झुंझुनूं में छह सितंबर को बिस्मिला की पत्थरी का ऑपरेशन फ्री में हुआ। इस प्रकार बीएसबीवाई ने बिस्मिला पथरी पीड़ा हरी।



## 31 अस्पताल में मिल रहा हैं योजना का लाभ

भामाशाह स्वास्थ्य बीमा योजना

विभाग के आईईसी समन्वयक महेश कड़वासरा ने बताया कि झुंझुनूं जिले में सरकारी अस्पताल में राजकीय बीडीके अस्पताल के सहित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बुहाना, सिंघाना, चिड़ावा, मंड्रेला, खेतड़ी, बगड़, मंडावा, मलसीसर, बिसाऊ, महनसर, सूरजगढ़, नवलगढ़, मुकुंदगढ़, चिराना, उदयपुरवाटी एवं गुढ़ागौड़जी में योजना संचालित हैं। वहीं झुंझुनूं स्थित रविंद्र अस्पताल, सीकेआरडी अस्पताल, राज सर्जिकल अस्पताल, दूकिया अस्पताल, ऑक्सफोर्ड अस्पताल, इंदू अस्पताल, चुड़ैला का आरएलजेटी, पिलानी का हलवान, नवलगढ़ का जैपुरिया अस्पताल, चिड़ावा के आरडीएम अस्पताल एवं बुहाना के बीडीएम अस्पताल, सिंघाना के राज फ्रेक्चर क्लिनिक एवं चक्रपाणी अस्पताल में योजना का लाभ दिया जा रहा है। आगामी दिनों में कुछ अन्य निजी अस्पतालों में सुविधा मिलने की उम्मीद है।

**Jhunjhunu**

# साहिन बीबी को दिया भामाशाह योजना ने जीवनदान

## *हजारों रुपयों का कैंसर का ऑपरेशन हुआ फ्री में*



**नवज्योति/सिरोही।** जिले के आबूरोड ब्लॉक के मानपुर गांव की रहने वाली साहिन बीबी के लिए भामाशाह स्वास्थ्य बीमा योजना जैसे वरदान स्वरुप सिद्ध हुई। साहिन बीबी घर में अकेली कमाने वाली महिला है। मेहनत मजदूरी कर साहिन बीबी किसी तरह अपने बच्चों का पेट पाल रही थी और उनका जीवन संघर्ष की चक्की में पिस रहा था। लगभग 4 माह पूर्व एक अचानक साहिन बीबी को दाएं ब्रेस्ट में कुछ भारीपन सा अनुभव हुआ। हाथ से टटोलकर देखा तो वहां एक मोटी सी गांठ महसूस हुई। अगले दिन उसने स्थानीय अस्पताल में जाकर दिखाया। प्रारंभिक जांच के बाद उसे बताया गया कि उसे ब्रेस्ट कैंसर की शिकायत है। यह सुनकर उसकी आंखों के आगे अंधेरा छाने लगा। जांच में अब तक लगभग 8-10 हजार रुपये खर्च हो चुके थे और ऑपरेशन के लिए उसे 60 से 70 हजार रुपयों का खर्च बताया गया।

**डॉ सिंघला ने किया सफल ऑपरेशन :** भामाशाह स्वास्थ्य बीमा योजना के विषय में जानकर उसकी निस्तेज हो चुकी देह में जैसे नए जीवन का संचार हुआ। वह परिजनों के साथ महावीर अस्पताल आई। जहां डॉ. अजय सिंघला ने उसे सांत्वना दी और जांच के उपरान्त ऑपरेशन की तैयारियां प्रारंभ कर दी। परिवार एनएफएसए में चयनीत था और उसका भामाशाह कार्ड भी बना हुआ था। सिंघला और उनकी टीम ने 2 घंटे चले ओपरेशन के दौरान साहिन बीबी के दायें ब्रेस्ट और बगल की गांठों को सर्जरी कर बाहर निकाल दिया। ऑपरेशन के बाद डॉ. अजय सिंघला ने बताया कि मरीज पूरी तरह स्वस्थ है और अपनी आजीविका चलाने में सक्षम है

**Sirohi**

# Success Stories of IEC

योजना

भामाशाह स्वास्थ्य बीमा के तहत

## पांच वर्षों से दर्द झेल रही सावित्री हुई रोग मुक्त

- एक अन्य महिला का भी हुआ सफल ऑप्रेशन



सावित्री देवी



बिमला देवी

**हनुमानगढ़ (सच कहूँ न्यूज)।** एक वक्त था जब आर्थिक रूप से कमजोर व्यक्ति रुपयों के अभाव में दर्द के साथ ही अपना समय व्यतीत करता था। जिले में ऐसे हजारों परिवार हैं, जो कई वर्षों से शारीरिक तकलीफ के साथ जी रहे हैं और रुपयों की तंगी होने के कारण अपना इलाज तक नहीं करवा रहे हैं। इन्हीं में शामिल थी हनुमानगढ़ के गांव जोड़कियां में रह रही सावित्री देवी। वह पिछले पांच वर्षों से पित्ते की थैली में पथरी होने के दर्द के साथ रह रही थी। सावित्री देवी को अपना दर्द परिवार की जरूरतों के सामने बौना ही लगता था। शायद यही वजह रही कि पिछले काफी समय से उसे इस दर्द को सहने की आदत हो गई थी। लेकिन भामाशाह स्वास्थ्य बीमा योजना उसके जीवन में उजाला लेकर आई है। सावित्री का पति हेतराम गांव में खेती करता है। हेतराम ने हनुमानगढ़ में योजना से जुड़े एक प्राइवेट अस्पताल चावला नर्सिंग में सावित्री देवी का चैकअप करवाया। स्वास्थ्य मार्गदर्शक राहुल ने बताया कि उनका इलाज योजना के तहत निःशुल्क हो सकता है। डॉ. बीके चावला ने सावित्री का चैकअप किया और बताया कि पित्ते की थैली में पथरी व सूजन की बीमारी के मरीज आए दिन बढ़ रहे हैं। हेतराम ने बिना समय गंवाए सावित्री को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती करवा दिया। डॉ. चावला ने सावित्री देवी के पित्ते की थैली में पथरी का ऑपरेशन किया गया। ऑपरेशन के बाद सावित्री देवी अस्पताल में स्वास्थ्य लाभ ले रही है।

### एक और जरूरतमंद परिवार को मिली राहत

पेशे से मजदूरी करने वाले परिवार को भी योजना के तहत स्वास्थ्य लाभ मिला है। सुरेशिया निवासी रतनलाल की पत्नी विमला देवी भी पित्ते की थैली में पथरी एवं गांठ होने पर उस दर्द के साथ जी रही थी। विमला देवी की पित्ते की थैली में पथरी का ऑप्रिशन भामाशाह स्वास्थ्य बीमा योजना के तहत किया है। पित्ते की पथरी का ऑप्रिशन करते वक्त गांठ का ऑपरेशन भी डॉ. बीके चावला ने साथ ही कर दिया।

**Hanumangarh**

# Success Stories of IEC

मिली केशलस इलाज की सुविधा

## गरीबों के जीवन में अब आया नया उजाला

भामाशाह स्वास्थ्य बीमा योजना

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
rajasthanpatrika.com

**नागौर.** राज्य में दिसम्बर 2015 में शुरू हुई भामाशाह स्वास्थ्य बीमा योजना आम आदमी को स्वास्थ्य की गारंटी मुहैया करवा रही है। राज्य के ठेठ गांव-ढाणी में बैठे एनएफएसए सूची में शामिल निम्न आय वर्ग के परिवारों के लिए बीएसबीवाई एक नया उजाला लेकर आई है।


अकेले नागौर जिले की बात करें तो यहां ऐसा कोई गांव या शहर नहीं है, जिसमें लोगों को लोक कल्याणकारी भामाशाह स्वास्थ्य बीमा योजना का लाभ नहीं मिला हो। आंकड़ों पर नजर डालें तो अकेले नागौर जिले में योजना शुरू होने के ग्यारह महीने बाद इसके लाभान्वितों की संख्या दस हजार से ऊपर पहुंच चुकी है।

### केस- एक



कड़वा का बासड़ा निवासी 70 वर्षीया मोहनी देवी को परिजन पेट दर्द के कारण दो नवम्बर को कुचामन कस्बे के कृष्णा हॉस्पिटल में लेकर आए। जांच में उसके पित्त की थैली में पथरी तथा आंतों के चिपके होने की बीमारी का पता चला। मरीज के परिजनों से भामाशाह कार्ड मांगा और उसके राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा एक्ट यानी एनएफएसए की सूची में लिंक होने की जांच की। एनएफएसए सूची से लिंक होने की पुष्टि होने पर मरीज को भामाशाह स्वास्थ्य बीमा योजना में शामिल कर भर्ती कर लिया गया। यहां चार नवम्बर को डाक्टरों की टीम ने मोहनी देवी के पित्त की थैली और आंत का ऑपरेशन किया और अब बिल्कुल ठीक है। पूरे उपचार का पैकेज 23 हजार का आया लेकिन उन्हें यह सुविधा बिल्कुल निशुल्क मिली।

### केस- दो



जिले के निम्बीजोधा में दीपावली की रात मोटरसाइकिल से गिरकर छोटूराम घायल हो गया। निम्बीजोधा के ही चिकित्सा संस्थान में प्राथमिक उपचार के बाद घर चला गया लेकिन पैरों पर चलने में बिल्कुल असमर्थता होने के चलते छोटूराम एक नवम्बर को अपने परिजनों के साथ डीडवाना के उत्तम हॉस्पिटल पहुंचा । यहां एक्सरे होने के बाद पता चला कि छोटूराम की पांव में घुंटने से नीचे की हड्डी टूटी है उसे भर्ती कर लिया गया। स्वास्थ्य मार्गदर्शक से मिले और उन्हें भामाशाह कार्ड दिया। भामाशाह कार्ड का एनएफएसए की सूची में लिंक होने की पुष्टि के बाद छोटूराम को इसका लाभ दिया गया। चिकित्सको की टीम ने छोटूराम के पैर में रॉड डालकर उसका सफल ऑपरेशन किया, अभी वह उपचाराधीन है।

### केस- तीन



डीडवाना के ही एक कच्ची बस्ती क्षेत्र में रहने वाली रतनी देवी और जायल तहसील के मालियों की ढाणी की परमा देवी कई दिनों से पेट दर्द से पीड़ित थी। दोनों महिलाओं को उनके परिजन तीन नवम्बर को राजकीय बांगड़ अस्पताल, डीडवाना में लेकर आए। रतनी और परमा के पति स्वास्थ्य मार्गदर्शक से मिले। स्वास्थ्य मार्गदर्शक ने दोनों के भामाशाह कार्ड की एनएफएसए से लिंक होने की पुष्टि की। इसके बाद इसी दिन उनकी जांच हुई और बच्चे दानी में दिक्कत सामने आई। यहां अस्पताल में नियुक्त गाइनी सर्जन ने दोनों महिलाओं की बच्चे दानी का ऑपरेशन किया। अब वह स्वस्थ है।

### केस- चार




कुचामन सिटी के 75 वर्षीय बाबूलाल, दीपपुरा की 70 वर्षीय शांति देवी तथा लुहारिया बास की 90 वर्षीय करीमन के आंखों में छाए अंधेरे को भामाशाह स्वास्थ्य बीमा योजना के तहत कैशलेस इलाज की मुहिम ने उजाले में तब्दील कर दिया है। इन तीनों वयोवृद्ध जनों की आंखों में लैंस कैशलेस इलाज की सुविधा में डाले गए। अब एक पखवाड़े में उपचार की पूरी प्रक्रिया होने के बाद ये तीनों वृद्ध आंखों से साफ देख सकेंगे। बीएसबीवाई से लाभान्वित इन तीनों मरीजों की आंख का ऑपरेशन पांच नवम्बर को ही किया गया और 7 नवम्बर को छुट्टी दी जाएगी।

patrika Mon, 07 November 2016
epaper.patrika.com/c/14462134

Nagaur

# Official Webpage of BSBY






**Keep Helping………Keep BSBYing …… Keep Smiling**

SIHFW: an ISO 9001: 2015 certified Institution